# भारत ने लॉन्च की महाविनाशक सीक्रेट परमाणु पनडुब्बी एस4

ताकत

## भारतीय पनडुब्बी 7 हजार टन की है जो अब तक बनी दो अन्य पनडुब्बियों से ज्यादा है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। चीन और पाकिस्तान की बढ़ती पनडुब्बी ताकत का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारत ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाली अपनी महाविनाशक पनडुब्बी को चुपके से लॉन्च कर दिया है। यह अरिहंत श्रेणी की तीसरी परमाणु पनडुब्बी है। इस पनडुब्बी को गत 23 नवंबर को भारत के विशाखापत्तनम स्थित गोपनीय शिप बिल्डिंग सेंटर से लॉन्च किया गया है। बताया जा रहा है कि यह भारतीय पनडुब्बी करीब 7 हजार टन की है जो अब तक बनी दो अन्य पनडुब्बियों से ज्यादा है।

ब्रिटेन स्थित जेंस डिफेंस वीकली ने सैटलाइट तस्वीरों के आधार पर भारत के तीसरे परमाणु पनडुब्बी को लॉन्च करने का खुलासा किया है। रक्षा मामलों की इस पत्रिका ने बताया कि एस4 कही जा रही, इस पनडुब्बी को एक जगह से दूसरी जगह पर ले जाया गया है। यह सबमर्सिबल बलिस्टिक न्यूक्लियर सबमरीन



अरिहंत श्रेणी की तीसरी पनडुब्बी है। इससे पहले आईएनएस अरिघात और आईएनएस अरिहंत को लॉन्च किया जा चुका है।


**8 K-4 सबमरीन लहन्च बलिस्टिक मिसाइल ले जा सकती है एस 4**

पत्रिका ने कहा कि एस4 पनडुब्बी अपनी पूर्ववर्ती दो अन्य पनडुब्बियों की तुलना में थोड़ा बड़ी है और यह 7 हजार टन की है। आईएनएस अरिहंत 6 हजार टन की है। एस4 पनडुब्बी में 8 मिसाइल लॉन्च ट्यूब लगे हुए हैं, वहीं आईएनएस अरिहंत में इन मिसाइल ट्यूब्स की संख्या 4 थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह एस 4 परमाणु पनडुब्बी 8 K–4 सबमरीन लॉन्च बलिस्टिक मिसाइल ले जा सकती है जिसकी मारक क्षमता 3500 किमी बताई गई है। वहीं इस पर 24 के–15 मिसाइल को तैनात किया जा सकता है।

भारत अभी के–4 मिसाइल का विकास कर रहा है और जल्द ही इसका परीक्षण किया जा सकता है। भारत की यह मिसाइल और पनडुब्बी पूरी तरह से तैयार हो जाने के बाद भारतीय नौसेना काफी दूरी से चीन और पाकिस्तान को निशाना बना सकती है। भारत परमाणु हमला होने की सूरत में चीन और पाकिस्तान पर समुद्र के जरिए भी परमाणु बम से जवाबी हमला कर सकता है। इस मिसाइल को भारत के डीआरडीओ और परमाणु ऊर्जा विभाग ने मिलकर बनाया है।

**पनडुब्बी में 82-5 डें का लाइट वाटर रिएक्टर लगाया गया:** इस सबमरीन को बनाने में भारतीय नौसेना और रूसी वैज्ञानिकों और तकनीकी कर्मचारियों ने मदद की है। भारत की योजना है कि इस तरह की 4 SSBN को नौसेना में शामिल किया जाए। यही नहीं, भारत के पास दो और परमाणु पनडुब्बी का विकल्प रहेगा। एस4 पनडुब्बी के परमाणु रिएक्टर को भी और ज्यादा बेहतर बनाया गया है। द वायर की रिपोर्ट के मुताबिक इस पनडुब्बी में 82.5 डें का लाइट वॉटर रिएक्टर लगाया गया है।

## न्यूज डायरी




### 24 घंटों में अमेरिका में 5 लाख तो फ्रांस में कोरोना के 2 लाख से अधिक मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान में वर्ष 2020 में अमेरिका के साथ बातचीत शुरू होने के बाद जो नाम सबसे ज्यादा चर्चा में था वह मुल्ला बरादर। माना जा रहा था कि तालिबान की सरकार आने पर मुल्ला बरादर राष्ट्रपति बनेगा। हालांकि अब ऐसा होता नहीं दिख रहा है। तालिबान के संस्थापक दिवंगत मुल्ला उमर के करीबी सहयोगी मुल्ला मोहम्मद हसन अखुंद को अफगानिस्तान का राष्ट्रपति बनाया जाना लगभग तय हो गया है। मुल्ला बरादर उनके अधीन काम करेंगे। मुल्ला मोहम्मद हसन अखुंद के राष्ट्रपति के रूप में नामांकन की तालिबान के तीन प्रमुख नेताओं ने पुष्टि की है। मुल्ला मोहम्मद हसन वर्तमान में तालिबान के शक्तिशाली निर्णय लेने वाले निकाय, रहबारी शूरा या नेतृत्व परिषद के प्रमुख हैं। मोहम्मद हसन तालिबान के जन्मस्थान कंधार से ताल्लुक रखता है और आतंकी आंदोलन के संस्थापकों में से एक है।

### प्लेन के अंदर महिला यात्री ने दूसरे यात्री पर थूका, घूसे बरसाए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका में डेल्टा एयरलाइन की एक फ्लाइट में एक महिला को मारपीट करने और दूसरे यात्रियों पर थूकने के आरोप में एफबीआई ने अरेस्ट किया है। यह विमान टेंपा से अटलांटा जा रहा था। बताया जा रहा है कि 23 दिसंबर को यह घटना उस समय हुई जब पैट्रिसिया कोर्नवाल (51) विमान में बाथरूम से अपनी सीट पर वापस आ रही थीं। उन्होंने पाया कि रास्ते में एक खाने का सामान देने वाली ट्रॉली ने रास्ता रोक रखा था, इस पर वह भड़क गईं। चालक दल ने पैट्रिसिया से अनुरोध किया कि वह दूसरी खाली सीट पर बैठ जाएं, ट्राली के वापस जाने के बाद वह अपनी सीट पर बैठ सकती हैं। इस पर पैट्रिसिया गुस्से में आ गईं और कहा, मैं कौन हूं रोजा पार्क्स ? बता दें कि रोजा पार्क्स एक अफ्रीकी मूल की चर्चित अमेरिकी महिला मानवाधिकार कार्यकर्ता थीं जिन्होंने साल 1955 में एक गोरे व्यक्ति के लिए बस में सीट छोड़ने से मना कर दिया था।

### तालिबानियों के सामने पाकिस्तानी सेना की निकली हवा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। लंबी–लंबी डींगें हांकने वाली परमाणु बम से लैस पाकिस्तानी सेना तालिबानी आतंकियों के सामने पानी मांग रही है। हालत यह है कि डूरंड लाइन पर पाकिस्तान बाड़ लगाना चाहता है लेकिन तालिबानी ऐसा करने नहीं दे रहे हैं। पिछले दिनों तालिबान और पाकिस्तानी सेना के बीच भीषण गोलाबारी भी हुई थी। ताजा घटना में अब अफगानिस्तान के निमरोज प्रांत के चार बोरजाक जिले में तालिबानियों ने पाकिस्तानी सेना को खदेड़ लिया। इसके बाद पाकिस्तानी सैनिक भाग खड़े हुए। अफगानिस्तान के चर्चित पत्रकार बिलाल सरवरी ने तालिबान के हवाले से बताया कि पाकिस्तानी सेना पश्चिमी अफगानिस्तान में चार बोरजाक जिले में बाड़ लगाना चाहती थी। तालिबानी सैनिक बड़ी संख्या में वहां भेजे गए तो पाकिस्तानी सैनिक वहां से भाग खड़े हुए।

### दक्षिण अफ्रीका में गुजर गया ओमिक्रोन का पीक! नाइट कर्फ्यू हटा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जोहान्सबर्ग। एक तरफ जहां पूरी दुनिया कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रोन की दहशत के साए में है तो वहीं दूसरी तरफ एक राहत भरी खबर भी सामने आई है। दक्षिण अफ्रीका से ओमिक्रोन वैरिएंट का चरम या पीक अब निकल चुका है। आपको बता दें कि अफ्रीका में ही पहली बार ओमिक्रोन वैरिएंट के मिलने की जानकारी सामने आई थी। यहां से ही ये दूसरे देशों में फैला था। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक अब तक 90 से अधिक देशों में इसके मामले सामने आ चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से कहा गया है कि मामलों में आई गिरावट के बाद अब देश में रात्रि कर्फ्यू को भी हटा दिया गया है। बीबीसी के मुताबिक हाल के दिनों में कोरोना और ओमिक्रोन की वजह से अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या में पहले के मुकाबले काफी कमी आई है।

## पुतिन ने बाइडन को दी संबंध तोड़ लेने की धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से बातचीत में चेतावनी दी कि अगर अमेरिका ने यूक्रेन के मुद्दे पर कोई प्रतिबंध लगाया तो यह बड़ी गलती होगी। पुतिन ने गुरुवार को 50 मिनट तक फोन पर चली बातचीत में यह धमकी भी दी कि अमेरिका ने यूक्रेन को लेकर यदि नए प्रतिबंध लगाए तो मास्को वॉशिंगटन के साथ अपने सारे संबंध तोड़ देगा। वहीं बाइडन ने भी रूस को जोरदार जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

यूक्रेन के मुद्दे पर दोनों ही पक्षों ने एक–दूसरे पर उकसाने का आरोप लगाया है। वहीं रूस ने हजारों की तादाद में अपने सैनिकों को यूक्रेन के बॉर्डर पर तैनात कर रखा है। दोनों ही पक्ष एक–दूसरे को चेतावनी दे रहे हैं कि अगर यूक्रेन के मुद्दे पर जारी गतिरोध नहीं सुलझा तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।

रूसी राष्ट्रपति के सहायक यूरी यूशाकोव ने कहा कि दोनों ही नेताओं के बीच बातचीत सुरक्षा गारंटी के मुद्दे पर केंद्रित थी जो रूस पश्चिमी देशों से चाहता है। यूरी ने कहा कि इसमें यूक्रेन का नाटो में नहीं शामिल होना भी है। उन्होंने कहा कि अगर पश्चिमी देश रूस पर कोई बड़ा प्रतिबंध लगाते हैं कि यह बहुत बड़ी गलती होगा।



सऊदी विदेश मंत्री के सामने जूता दिखाते अकड़कर बैठे पाकिस्तानी विदेश मंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। सऊदी अरब के पैसे पर पलने वाले कंगाल पाकिस्तान ने एक बार फिर से अब अपने ही मालिक को आंखें दिखाना शुरू कर दिया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी सऊदी अरब के विदेश मंत्री के सामने अपमानजनक तरीके से अकड़कर बैठे नजर आए। उनका जूता सऊदी विदेश मंत्री की तरफ था। कुरैशी के बैठने के इस तरीके पर सऊदी जनता भड़क गई है। ऐसा दूसरी बार है जब कुरैशी सऊदी अरब–पाकिस्तान के रिश्ते के लिए सिरदर्द साबित हुए हैं। सऊदी अरब की जनता देश के विदेश मंत्री नवाफ बिन सैद अल मलकी के सामने इस्लामाबाद में अकड़कर बैठे पाकिस्तानी विदेश मंत्री कुरैशी की सोशल मीडिया में जमकर आलोचना कर रही है।

## धरती से जल्द टकरा सकता है रूस का विशाल जासूसी उपग्रह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मास्को। रूस का एक जासूसी सैन्य उपग्रह आने वाले कुछ सप्ताह में धरती से टकरा सकता है। रूस ने पिछले दिनों इस उपग्रह लॉन्च को सफल करार दिया था। वहीं विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इस उपग्रह में गड़बड़ी आ गई है। रूस ने सोमवार को अपनी नई पीढ़ी के विशाल स्पेस रॉकेट अंगारा ए–5 की मदद से जासूसी उपग्रह को अंतरिक्ष में भेजा था। बताया जा रहा कि इस सैन्य उपग्रह का वजन करीब 20 टन है।

स्वतंत्र विशेषज्ञों का कहना है कि यह जासूसी उपग्रह और उसका बूस्टर रॉकेट आने वाले

**रूसी सैटलाइट अभी भी निचली कक्षा में मौजूद**

कुछ सप्ताह में धरती से टकरा सकता है। रूस का अंगारा ए–5 रॉकेट उसके जासूसी उपग्रहों, हथियारों और नेविगेशन के लिए जरूरी सैटलाइट को अंतरिक्ष में भेजने के लिए बेहद अहम है। यही नहीं इसी भारी–भरकम रॉकेट की मदद से रूस अपने चंद्रमा मिशन को भेजने के सपने देख रहा है।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह उपग्रह सफलतापूर्वक लॉन्च हो गया था लेकिन रॉकेट के अपर स्टेज पर लगा बूस्टर पेरसेई उड़ान के दौरान फेल हो गया। इसी वजह से रूस का सैटलाइट अपनी सही कक्षा में नहीं पहुंच सका। विशेषज्ञों ने कहा कि यह अनियंत्रित उपग्रह और उसमें लगा बूस्टर करीब 20 टन का है और आने वाले कुछ सप्ताह में धरती से टकरा सकता है।

रूसी सेना के हाई कमांड ने विशेषज्ञों के इस दावे पर कोई बयान नहीं दिया है। रूसी मीडिया के मुताबिक पेरसेई को अपने टेस्ट मिशन के दौरान 5 इंजन शुरू करने थे लेकिन दूसरे इंजन में गड़बड़ी आ गई। इस परिणाम यह हुआ कि यह रूसी सैटलाइट अभी भी निचली कक्षा में है और धरती पर गिरने से पहले यह वहां पर कई सप्ताह तक रह सकता है। इस सैटलाइट को समुद्र स्तर से 22,236 मील की ऊंचाई पर पहुंचना था।

### फ्लाइट से सफर कर रही महिला की कोविड रिपोर्ट ने उड़ाए होश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयार्क। कोविड संक्रमण कई देशों में सिर उठा रहा है। कुछ देशों में तो इसके रोजाना हजारों मामले सामने आ रहे हैं। वहीं, अमेरिका में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसके बारे में जानकर सब हैरान रह गए। फ्लाइट से सफर कर रही अमेरिका की एक महिला ने खुद को घंटों तक बाथरूम में बंद कर लिया। दरअसल, फ्लाइट से सफर के दौरान महिला की कोविड रिपोर्ट पाजिटिव आई थी जिसके बाद महिला ने पांच घंटों तक खुद को बाथरूम में आइसोलेट कर लिया। रिपोर्ट के अनुसार, ये महिला शिकागो से आइसलैंड जा रही थी। महिला का नाम मारिसा फोटिओ है और वो पेशे से टीचर है। मारिसा ने बताया कि 19 दिसंबर को यात्रा के दौरान उन्हें गले में दर्द उठा था जिसके बाद उन्होंने अपना कोविड टेस्ट कराया। कोविड की रिपोर्ट पाजिटिव थी। मारिसा अपनी रिपोर्ट देखकर घबरा गई और खुद को बाथरूम में बंद कर लिया। यात्रा करने से पहले मारिसा ने दो आरटीपीसीआर टेस्ट और पांच रैपिड टेस्ट कराए थे, सबकी रिपोर्ट निगेटिव थी। हालांकि, यात्रा शुरू होने के कुछ समय बाद उन्हें गले में तकलीफ हुई।